Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006
Participants : Chauhan Shri Nihal Chand,Atwal Shri Charnjit Singh

>

Title : Need to pay compensation for land acquisition to the farmers of Rawatsar Tehsil in Sri Ganganagar Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर सीमा से लगा हुआ है। वहां पर वायुसेना ने हनुमानगढ़ जिले की राउतसर तहसील की साढ़े सैंतालीस हजार एकड़ भूमि र्वा 1991 में अधिग्रहित की थी। दांदूसर, बनेसर, मोटेर सहित पांच ग्राम पंचायतों की पूरी भूमि वायुसेना ने र्वा 1991 में अधिग्रहण कर ली थी और इसके लिए र्वा 1995 में अवार्ड भी हो चुका है। एक अरब 59 करोड़ रूपए का अवार्ड किया गया था, लेकिन किसानों को अभी तक कम्पनशेसन नहीं मिला है। र्वा 1995 के बाद से वहां कोई विकास कार्य नहीं हो सका है क्योंकि वह जमीन वायुसेना के पास है। इस भूमि के लिए किसानों को मुआवजा दिया जाना बहुत जरूरी है क्योंकि उन गांवों में अब हम न तो विकास कर सकते हैं, न सड़क बन सकती है, न पानी की व्यवस्था हो सकती है। इन पांचों ग्राम पंचायतों में डेवलपमेंट नाम की कोई चीज नहीं है और न हम लोग वहां विकास के कार्य कर सकते हैं। इसकी वजह से वहां के सभी किसान परेशान हो रहे हैं और पूरा क्षेत्र बर्बाद हो रहा है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि सरकार ने किसानों की जो भूमि र्वा 1991 में अधिग्रहित की थी और जिसका अवार्ड भी कर दिया गया है, उसके लिए या तो अवार्ड जारी करके किसानों को मुआवजा दिया जाए, अन्यथा किसानों को वह भूमि वापस लौटा दी जाए, ताकि वहां का किसान परेशान न हो। यही मुझे निवेदन करना है।

उपाध्यक्ष महोदय : इस पर ध्यान दिया जाए।